परीक्षा नियंत्रक

Controller of Examination

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर–273009 (उ0प्र0) भारत

Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur-273009 (U.P.) India

Accredited A++ by NAAC

Website: http://ddugu.ac.in

पत्रांक 8097/प0नि0का0/2025

दिनांक 28/02/2025

सूचना

माननीया कुलपति जी के आदेश दिनांक 28/02/2025 के अनुपालन में समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में संचालित नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों (स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स) के सम सेमेस्टर में पंजीकरण/परीक्षाफार्म शुल्क जमा करने हेतु पोर्टल दिनांक 28/02/2025 तक खोला गया था। जिसको दिनांक 01/03/2025 से दिनांक 05/03/2025 तक विस्तारित किया जाता है। साथ ही बी0फार्मा0 एवं एल–एल0एम0 के सम सेमेस्टर में पंजीकरण/परीक्षाफार्म शुल्क जमा करने हेतु भी पोर्टल खोला जा रहा है। पंजीकरण/परीक्षाफार्म शुल्क जमा करने का यह अन्तिम अवसर है। इसके पश्चात् दिनांक 06/03/2025 से 500/– रूपये विलम्ब शुल्क के साथ ही शुल्क जमा हो सकेगा।

अतः समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि समयान्तर्गत पंजीकरण/परीक्षाफार्म शुल्क जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

नोटः– विश्वविद्यालय परिसर हेतु छात्रों को स्वंय की लॉगिन से शुल्क जमा करना होगा तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के अर्ह छात्रों को सम्बन्धित महाविद्यालयों के Login Password द्वारा पूरित किया जायेगा।

28/02/2025

परीक्षा नियंत्रक

28/02/25

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, दी0द0उ0गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2. अधिष्ठाता–छात्र कल्याण।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. वित अधिकारी।
5. आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगीन में अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निदेशक, सूचना, प्रकाशन एवं जनसम्पर्क केन्द्र, को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रसारित कराने का कष्ट करें।
7. अधीक्षक, परीक्षा गोपनीय/परीक्षा सामान्य।
8. प्रभारी, सबल कक्ष।
9. प्रभारी, कोडिंग एवं परीक्षाफल एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगीन में अपलोड करने का कष्ट करें।
10. वै0सहायक, कुलसचिव।
11. प्रभारी, निजी–सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

28/02/2025

परीक्षा नियंत्रक

28/02/25